हिंदुस्तान
20.08.2020

# गन्ने का दाम दस रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा

## कैबिनेट फैसले

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

केंद्र सरकार ने वर्ष 2020-21 के लिए गन्ना का मूल्य 285 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने गन्ना के उचित एवं लाभकारी (एफआरपी) दाम में दस रुपये की वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अभी यह दाम 275 रुपये प्रति क्विंटल है।

**सीएसीपी की सिफारिश के मुताबिक है निर्णय :** गन्ना के मूल्य में वृद्धि अक्तूबर 2020 से शुरू होने वाले नए पेराई सत्र के लिए तय की गई है। गन्ना का पेरोई सत्र एक अक्तूबर से 30 सितंबर होता है। उपभोक्ता मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि मंत्रिमंडल का यह निर्णय कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिश के मुताबिक है। सीएसीपी सरकार को प्रमुख कृषि उत्पादों के दामों को लेकर सलाह देने वाली सांविधिक संस्था है।

### राहत

- प्रधानमंत्री की अगुआई में आर्थिक मामलों की समिति ने दी मंजूरी
- नए पेराई सत्र से लागू होगी नई कीमत

**एक करोड़ गन्ना किसानों को फायदा होगा :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि मोदी सरकार के इस फैसले से करीब एक करोड़ गन्ना किसानों को फायदा होगा। एफआरपी को गन्ना (नियंत्रण) आदेश 1966 के तहत तय किया जाता है। यह गन्ने का न्यूनतम मूल्य होता है जिसे चीनी मिलों को गन्ना उत्पादक किसानों को भुगतान करना होता है।